सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 17 जनवरी, 2025

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार केंद्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड के सचिव ब्रिगेडियर दिग्विजय सिंह बसेरा ने शिष्टाचार भेंट की। ब्रिगेडियर बसेरा मूल रूप से उत्तराखण्ड के पिथौरागढ़ जिले के निवासी हैं और वर्तमान में केंद्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड में सचिव के रूप में अपना योगदान दे रहे हैं। भेंट के दौरान उन्होंने राज्यपाल को केंद्रीय सैनिक कल्याण के विभिन्न क्रिया–कलापों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। ब्रिगेडियर बसेरा ने बताया कि उत्तराखण्ड में पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में देशभर में अग्रणी राज्यों में है, और अन्य राज्यों द्वारा इन्हें अपनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा राज्यों से निरंतर समन्वय किया जाता है और केंद्रीय योजनाओं को प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्तराखण्ड में सैनिक कल्याण के कार्यों की सराहना की और कहा कि यह गर्व का विषय है कि राज्य का मॉडल अन्य राज्यों के लिए उदाहरण बन रहा है। उन्होंने केंद्रीय सैनिक बोर्ड में डिजिटलीकरण के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे पारदर्शिता और कुशलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताया और कहा कि राज्यों में भी इस तरह के प्रयास किए जाने जरूरी हैं। राज्यपाल ने कहा कि सैनिक कल्याण योजनाओं का प्रचार–प्रसार दूरस्थ क्षेत्रों तक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इनसे जुड़ सकें। उन्होंने पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले सैनिक परिवारों तक पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

...........0............